## बैठक आयोजित

**भरतपुर, (निस)।** भारतीय जनता पार्टी भरतपुर जिला कार्यालय पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. जग्गो सिंह के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धातों एवं आदर्शो पर आधारित राजनैतिक दल है यह किसी परिवार, जाति, वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है भाजपा कार्यकर्ताओं को जोडने वाली सांस्कृतिक मूल्यों एवं पंच निष्ठाओ पर आधारित पार्टी है जो परम बैभव करने हेतु संकल्पित है भाजपा की विचारधारा भारत माता के जय के सपने को साकार करने की है प्रदेष के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सरकार के 6 माह के पूर्ण होने एवं ऐतिहासिक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू करने तथा भरतपुर जिले को बजट में विषेश सौगात देने पर बधाई दी। भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष दुर्गेश बूटौलिया ने कहा कि भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक है जिसे प्रकृति ने हमे अखण्ड भू भाग के रुप में दिया है। यह हमारी भारत माता है। हम सभी भारतवासी सहोदर भाई-बहन है। हम भारत को पुन: विष्व गुरु बनाने के लिए दृढ संकल्पित है। इस भाव के साथ हम सब को काम करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि प्रो जग्गो सिंह ने कहा कि भाजपा जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद की पार्टी है। देश भक्ति की पार्टी है सनातन संस्कृति की रक्षा करने वाली पार्टी है।

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने पसोपा में की जनसुनवाई

**डीग, (निस)।** गृह, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम डीग जिले के दो दिवसीय दौरे पर है। इस दौरान रविवार को उन्होंने डीग के ग्राम पसोपा में गांव वासियों द्वारा आयोजित राजस्थान बजट 2024-25 अभिनंदन और स्वागत समारोह में भाग लिया एवं स्थानीय लोगों के अभाव अभियोग सुन जन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। ग्राम पसोपा में 20 करोड़ रूपए के लागत से छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय बनने पर गांव वालों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। राज्य मंत्री ने गांव वालों को आश्वासन दिया है कि आगामी चार साल में आवासीय विद्यालय अच्छा चला तो बहुत जल्द ही कॉलेज की भी मांग राज्य सरकार से की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर गांव वालो में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग ढोल नगाड़े बजाकर बजट का स्वागत कर रहे है और मुख्यमंत्री का इस्तकबाल कर रहे है। मंत्री बेढम ने कहा कि राज्य में किसी भी सरकार ने पहले ही साल में इतना विकास पर केंद्रित बजट कभी भी

राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम डीग जिले के दो दिवसीय दौरे पर रहे।

प्रदेशवासियों को नहीं दिया है। शिक्षा, बिजली, पेयजल, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए राजस्थान प्रदेश को समर्पित ये बजट पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि खोह की पीएचसी को सीएचसी में बदलने से अब सभी क्षेत्र वासियों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी और उन्हे अब इलाज के लिए डीग नही जाना पड़ेगा। प्रस्तावित 33 केवी और 132 केवी बिजली जल्द ही आने पर भी स्थानीय लोगों ने राज्य मंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बेढम ने कहा कि भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के पश्चात प्रदेश के विकास के चारों द्वार खुल चुके है और बहुत जल्द ही राजस्थान पूरे राष्ट्र में नंबर वन प्रदेश बनेगा। उन्होंने बताया कि आमजन की यातायात सुविधा ओर सुदृढ करने के लिए बस चलाई जाएगी। 29 जुलाई सुबह 8 बजे से बस भरतपुर से रवाना होकर डीग, दिदावली, खोह, बद्री, पसोपा, कैथवाड़ा, सीकरी होते हुए पहाड़ी जायेगी। और सांय को भी इसी क्रम में बस पहाड़ी से रवाना होकर भरतपुर पहुंचेगी जिससे इन क्षेत्र में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को सुविधा पूर्वक यात्रा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से आहवान किया कि वे बस का किराया अवश्य दे और जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाए। जहां सांय 6 बजे इस बस को नगर बस स्टैंड से हरी झंडी दिखाकर बेढम द्वारा रवाना किया गया। आमजन की पानी की निकासी की समस्या को देखते हुए उन्होंने तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन और पुलिस विभाग के स्थानीय एसएचओ को निर्देशित किया कि वे कल ही मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से पानी निकासी का कार्य करे जिससे पात्र व्यक्तियों को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि पसोपा का बिजली घर बनकर तैयार हो गया है। पूर्व में बिजली की ट्रिपिंग की समस्या और कम वोल्टेज के दृष्टिगत अधावली के पास जगह चिन्हितकरण का कार्य किया जा चुका है और जल्द ही 132 केवी बिजली घर बनकर तैयार हो जाएगा जिससे सभी लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि अलवर से भरतपुर और भरतपुर से मथुरा तक एक्सप्रेस-वे बनाने का कार्य एनएचएआई द्वारा शुरू कर दिया गया है साथ ही डीग जिले के पुराने सड़क को चार लेन का बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने डीपीआर बनाने के आदेश दे दिए है। उन्होंने बताया कि गौ तस्कर और साइबर ठगों के खिलाफ राजस्थान सरकार द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है और जेसीबी के माध्यम से अवैध घर निर्माण ध्वस्त किए जा रहे है।

## सार-समाचार

### समिति की बैठक का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** वार्ड नंबर छ: सुभाष नगर भरतपुर की बैठक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य देवी प्रसाद के निवास पर वयोवृद्ध सुमरन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उपस्थित हुए लोगों को समता आन्दोलन का नीति पत्र वितरित कर विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा में स्पष्ट किया कि समता आंदोलन केवल कर्मचारियों का संगठन नहीं है यह एक राष्ट्रवादी संगठन है इसका सदस्य कोई भी राष्ट्रवादी व्यक्ति बन सकता जो देश प्रेमी हो इसलिए समता आंदोलन का किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, डाक्टर, इंजिनियर सदस्य बन सकता है। समता आंदोलन जातिगत आरक्षण, एट्रोसिटी एक्ट के विरुद्ध राजनैतिक, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय स्तर पर भी लड़ाई लड रहा है। समता आंदोलन लोक सभा व विधान सभा की आरक्षित सीटों के लिए भी उच्चतम न्यायालय में रिट दायर की हुई हैं। समता आंदोलन की अनेक याचिकाएं न्यायालयों में सुनवाई में हैं। समता आंदोलन हर पीड़ित, वंचित वर्ग की लड़ाई लड रहा है। इसलिए राष्ट्र हित में समता आंदोलन के साथ खड़ा होना चाहिए। समता आंदोलन एट्रोसीटी करने वाले के साथ नहीं हैं यदि किसी के साथ एट्रोसिटी एक्ट झूठा केस केवल फंसाने की नियत से किया है तो समता आन्दोलन उसके साथ है। समता आंदोलन जनजागरण का कार्य कर रहा है। इस बैठक में जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, देवकी प्रसाद, योगेश जैन, सुमरन सिंह, अशोक कुमार शर्मा, दिनेश चंद शर्मा, सत्य प्रकाश गुप्ता, रमेश चन्द शर्मा, बृजमोहन शर्मा, कलुआ राम शर्मा, मुकेश कुमार गर्ग, योगेन्द्र उपाध्याय, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित हुए। देवकी प्रसाद शर्मा ने सभी आगन्तुक महानुभावों का आभार व्यक्त किया व सभी से समता आंदोलन से जुड़ने की अपील की।

### गाँधी पार्क मे वृक्षारोपण किया

**भरतपुर ( निस )।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ट द्वारा प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी बंसल के नेतृत्व मे गाँधी पार्क मे वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी थे। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। गिरधारी तिवारी ने जीवन मे पेड़ों की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए हर व्यक्ति से एक पेड़ लगाने का आहवान किया तथा पेड़ लगाने के साथ साथ उसकी देखभाल करने पर जोर दिया। प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी बंसल ने बताया की एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आज यह वृक्षारोपण कार्य किया गया है जिसमें आज 11 नीम के पौधे गाँधी पार्क मे लगाए गए है तथा आगे और भी पौधे अन्य पार्को मे लगाए जायेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम मे गिरधारी तिवारी, मनोज खंडेलवाल, कृष्णमुरारी बंसल, संतोष खंडेलवाल, राकेश मित्तल, मोहित गोयल, राजेश खंडेलवाल, अनिल तेहरा, किशन सिंघल, विनोद डिगिया, संजय जैन, देवेंद्र अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, राजकुमार चौधरी, योगेश गर्ग, पिंकी गोयल संजय सिंघल, राजेश शर्मा, दिनेश बंसल, नरेंद्र गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रतिभाओ का सम्मान किया

**भरतपुर ( निस )।** ग्राम नोनेरा तहसील कामां, ग्राम महमदपुरा तहसील पहाडी ग्राम कसौदा तहसील नगर तहसील नदबई पहुँचकर अध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह पना के सानिध्य में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें ग्राम नौनेरा की तनु पुत्री दवेन्द्र सिंह ने सैकण्डरी में 97.33 प्रतिशत, ग्राम महमदपुर की कल्पना सिंह पुत्री जितेन्द्र सिंह ने सीनियर सैकण्डरी में 94.20 प्रतिशत, नदबई की तनु राठौड पुत्री विक्रम सिंह से सीनियर सैकण्डरी में 95.20 प्रतिशत, ग्राम कसौदा की सानू पुत्री राजकुमार ने सीनियर सैकण्डरी में 94.80 प्रतिशत व प्रतीक सिंह रत्नावत पुत्र मनोज सिंह ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित किया। श्याम सुन्दर सिंह परमार, जगदीश प्रसाद सिकरवार, रविन्द्रपाल सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह दांदेडा, कामां, भूपेन्द्र सिंह रतनावत नगर, जितेन्द्र सिंह चौहान, राजकुमार सिंह, मनोज सिंह, विक्रम सिंह, रघुवीर सिंह चौहान, महेन्द्र सिंह रत्नावत, दुर्ग सिंह रत्नावत आदि ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिंह व माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएँ कीं।

### मेगा ड्राइव का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** रॉबिन हुड आर्मी द्वारा एक मेगा ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें रॉबिन्स ने बच्चों को पेटीज़ परोसी और उनके साथ खेल खेले। रोबिन हुड आर्मी के कार्यकर्ता सौरभ बंसल ने बताया कि बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था। सभी बच्चों ने पेटीज़ का स्वाद बड़े चाव से लिया और खेलों में जमकर मस्ती की। उनके हंसते-मुस्कुराते चेहरे देखकर ऐसा लगा मानो हमारे छोटे से प्रयास ने उनकी जिंदगी में खुशियों का नया रंग भर दिया हो। इस मेगा ड्राइव के माध्यम से न केवल बच्चों को स्वादिष्ट भोजन और मनोरंजन मिला बल्कि हमें भी उनकी खुशी का हिस्सा बनने का सुखद अनुभव हुआ। रॉबिनहुड आर्मी के साथ मिलकर समाज की सेवा करने का यह अनुभव हमेशा यादगार रहेगा। इस अवसर पर निशांक, अमन, सन्नी, अभिषेक, दीपक, सौरभ शर्मा, भानुजा, सौरभ बंसल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घायलों एवं मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने की मांग की

**धौलपुर।** धौलपुर शहर के वाटर वर्क्स चौराहे पर 3 दिन पहले हुए सड़क हादसे में नगर परिषद धौलपुर की 1 महिला सफाई कर्मी की मौत हो गई थी और कई सफाई कर्मी घायल हो गए थे। जिनकी कुशलक्षेम पूछने के लिए रविवार को सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह, पार्षदों के साथ जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे। जहां उन्होंने घायलों की कुशलक्षेम पूछी। साथ ही चेक सौंपकर आर्थिक मदद की और हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

वहीं मृतक सफाई कर्मचारी के घर पहुंच कर उसके आश्रितों को चेक देकर आर्थिक मदद की। इस दौरान निशांत सिंह ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिकरवार से मुलाकात कर घायलों के इलाज के बारे में जानकारी ली। साथ ही आग्रह किया कि घायल सफाई कर्मचारियों की चिकित्सा सुविधा में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए।

सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर घायलों एवं मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

जिस पर जिला कलेक्टर ने उन्हे आश्वासन दिया है कि घायलों और मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने के लिए सरकार से प्रयासरत हैं तथा हरसंभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान पीएमओ डॉ. समरवीर सिंह सिकरवार, पार्षद अनिल धारिया, विवेक कुशवाह, इमरान कुरैशी, राम शर्मा, अजमेरी, तेताल सिंह, पार्षद प्रतिनिधि सद्दाम खान, विवेक शर्मा, अन्नू मिश्रा, जीतू कंसाना, जमादार मोहन सिंह, विनोद, सुनील आदि मौजूद रहे।

# भारत स्काउट गाइड संगठन संस्कार निर्माण की कार्यशाला आयोजित

**करौली, ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड भवन मे आयोजित किये जा रहे राज्यपाल पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने स्काउट गाइड गतिविधि को संस्कार निर्माण की कार्यशाला बताते हुए इसके आधिकारिक बिस्तार पर जोर दिया एवं स्काउट गाइड की सुविधा के लिए एक हॉल निर्माण की घोषणा कि।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की राजस्थान राज्य भारत ब गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किये जा रहे पांच दिवसीय आवासीय राज्यपाल पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर का करौली के विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने झंडा फहराकर उद्घाटन किया एवं इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में स्काउट रोवर एवं पदाधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा की स्काउट गाइड के माध्यम से बालक बालिकाओं में राष्ट्रीयता का विकास होता है जातिगत भेदभाव को दूर कर एक साथ मिलकर रहने की भावना का विकास होता है खेल ही खेल के माध्यम से बालक बालिकाओं में बहुत से गुणों का विकास होता है उनमें नैतिक मूल्यों का विकास होता है इस अवसर पर विधायक ने सह शैक्षिक गतिविधि के जीवन में अत्यधिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके आधिकारिक बिस्तार पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक देवी सिंह राजपूत ने कहा की स्काउट गाइड गतिविधि बालक बालिका के जीवन में अत्यधिक महत्व रखती है इससे बालक का शारीरिक मानसिक चारित्रिक विकास होता है और वह समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है विशिष्ट अतिथि राजवीर सिंह ने कहा की स्काउट गाइड गतिविधि के माध्यम से बालक बालिका में अनुशासन का विकास होता है इससे पूर्व अतिथियों के शिविर में पहुंचने पर स्काउटस की टुकड़ी ने सहायक शिविर संचालक पूरन सिंह के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया।

शिविर संचालक मुकुट बिहारी गुप्ता के अनुसार 26 से 30 जुलाई तक आयोजित किये जा रहे राज्यपाल पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर में 116 स्काउट एवं रोवर भाग ले रहे हैं प्रशिक्षण शिविर में स्काउट एवं रोवर को प्रवेश से राज्यपाल पुरस्कार तक के पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की जाएगी जिसमें नियम प्रतिज्ञा चिन्ह सेल्यूट हाथ मिलाना झंडा गीत प्रार्थना राष्ट्रगान दिशा ज्ञान फर्स्ट एड पायनियरिंग सिगनलिंग कंपास विभिन्न तरह की गांठ एवं बंधन विभिन्न प्रकार के झंडे ध्वज एवं शिष्टाचार की जानकारी प्रदान की जाएगी।अतिथियों का शिविर में पहुंचने पर सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत ट्रेनिंग काउंसलर राजेश कुमार सारस्वत गणेश चंद्र शर्मा दीनदयाल सिंह कैलाश चंद मीणा ने स्काउट संगठन की रीति के अनुसार स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया ंजर आरती माली कोमल चौधरी ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

# प्रबोधक संघ ने सौपा ज्ञापन

**करौली ( नि.स. )।** प्रबोधक संघ राजस्थान जिला शाखा करौली द्वारा मुख्यमंत्री के नाम करौली विधायक को ज्ञापन सौंपा है। प्रबोधक संघ ने ज्ञापन सौंपकर चार सूत्रीय मांगो को पूरी करने कि गुहार लगाई है।

करौली जिलाध्यक्ष रतन चतुर्वेदी एवं संयोजक गंगाराम प्रजापत ने बताया कि करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम चार सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया है कि शिक्षा मंत्री ने 5 फरवरी को पदोन्नित से वंचित 5302 बीएड,बीपीएड योग्यताधारी प्रबंधकों को पदोन्नत करने की घोषणा की थी। जिसकी क्रियान्वित की जा रही है लेकिन अभी तक वरिष्ठ अध्यापक के समान वरिष्ठ प्रबंधकों का स्पष्ट दायित्व निर्धारण नहीं किया है। वरिष्ठ प्रबोधकों के द्वितीय श्रेणी शिक्षक के समान कार्य दायित्व निर्धारण करने एवं शेष रहे समस्त प्रबोधकों को पदोन्नित करने कि मांग शामिल है। राजस्थान सरकार ने शिक्षा मंत्री द्वारा प्रबोधकों से वंचित रहे 5302 बीएड, बीपीएड योग्यताधारी प्रबोधकों को पदोन्नित करने की घोषणा कि। जिसके तहत समस्त कर्मचारियों एवं न्याय उचित मांगों को शीघ्र पूरा करने के लिए शिष्ट मंडल द्वारा विधान सभा में प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह शेखावत एवं संजय कौशिक प्रदेश महामंत्री द्वारा ज्ञापन दिया गया।वरिष्ठ प्रबोधकों का द्वितीय श्रेणी अध्यापक के समान कार्य दायित्व निर्धारण करते हुए मिडिल स्कूल हैडमास्टर अथवा सेकेंडरी सेटअप में विषय शिक्षक के पदों पर लगाए जाए। साथ ही पदोन्नित से वंचित रहे समस्त प्रबोधकों को वरिष्ठ प्रबोधक द्वितीय श्रेणी पद पर पदोन्नित कर पदस्थापन, वरिष्ठ प्रबोधकों का वरिष्ठ अध्यापक एवं प्रबोधक का शिक्षक पद नाम कि मांग कि अन्य कर्मचारी संवर्गो की भांति प्रबोधकों कि नियमित डीपीसी कर पदोन्नित के पांच अवसर देने अथवा व्याख्याता पद पर पदोन्नित के लिए वरिष्ठ प्रबोधक का 20 प्रतिशत कोटा निर्धारित करने, प्रबोधक, शारीरिक शिक्षकों कि पदोन्नित का प्रावधान करने, वरिष्ठ प्रबोधकों पर योग्यता धारी प्रबोधकों शारीरिक शिक्षक के पदों पर बीपीएड योग्यता धारी प्रबोधको को पदोन्नत करने की मांग है।

## योग कार्यक्रम का आयोजन

**भरतपुर, (निस)।** केवलादेव घना पक्षी विहार में भरतपुर साइकिल क्लब द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भरतपुर साइकिल क्लब के अध्यक्ष पंकज गोयल ने बताया कि यह योग की कार्यशाला इंटरनेशनल योगाचार्य साक्षी खंडेलवाल द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के पश्चात योगाचार्य साक्षी खंडेलवाल ने सभी महिलाओं और पुरुषों को योग पर विशेष जोर देने के लिए कहा तथा बताया कि दीर्घकालिक बीमारियों मैं योग बहुत साथ देता है। बीसीसी सचिब जीवन जैन ने बताया हेपेटाइटिस द्वारा होने वाली लीवर में समस्याओं पर ध्यान देने के लिए हमें अपने स्वास्थ्य के लिए कुछ ना कुछ करना चाहिए।

## करौली शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था

**करौली, (नि.स.)।** करौली जिला मुख्यालय पर नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन कि अनदेखी के चलते सफाई व्यवस्था चरमरा गई है सावन माह में शिव मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करौली नगर परिषद कि सभापति पूनम पचौरी,परिषद के आयुक्त करणी सिंह और कई वार्डों के पार्षदों ने आपनो करौली स्वच्छ-स्वस्थ करौली के नाम से विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई का ढिंढोरा पीटा था देखने लायक यह है कि उसी दिन से करौली शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल हो गई शहर के प्रमुख बाजारों,गली,मोहल्लो,कॉलोनीयों में कचरे के ढेर और उन पर मुंह मारते आवारा पशु लोगों को परेशानी का सबव बने हुए हैं यही नहीं इन दिनो बरसात के मौसम में सूखा कचरा भी पानी से गीला हो जाने के कारण सड़कों पर पड़ा बदबू मार रहा है शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेरो से आमजन तो परेशान है ही सावन माह के दौरान शिव मंदिरों में बिल्व पत्र चढाने वाले श्रद्धालुओं को भी कचरे के ढेर के ऊपर से होकर गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जो नगर परिषद प्रशासन को साफ नजर आ रहे हैं। बीते कई दिनों से करौली शहर कि प्रमुख सड़कों के अलावा कॉलोनी और मोहल्लो में सफाई कर्मचारियों द्वारा झाड़ू तक नहीं लगाया गया है।

## भाजपा सरकार राजस्थान की आलोचना की

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान सरकार द्वारा जलदाय विभाग का निजीकरण कर निगम बनाने के निर्णय को लेकर भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ने भाजपा सरकार राजस्थान की कड़ी आलोचना की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि इस निजीकरण प्रक्रिया से सर्वप्रथम राजस्थान की आम जनता को पानी महंगे दामों पर उपलब्ध होगा। जलदाय विभाग में लगे हुए सभी कर्मचारी पर भी जरूरत के हिसाब से कभी भी विभाग से बेदखल होने का खतरा भी मंडराता रहेगा, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी तथा भुखमरी और अधिक बढ़ेगी।

विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ेगा और अफसरों की मनमानी होगी। निगम बनने पर सरकार का नियंत्रण न रहने के कारण अफसरशाही हावी होती है। जिससे अधिकांश निगम घाटे में जाते हैं। राजस्थान रोडवेज इसका जीता जागता उदाहरण है। जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों ने एक सुर से कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने जल निगम इसलिए नहीं बनाया, क्योंकि इससे राजस्थान की जनता को पानी महंगे दामों पर मिलता। सभी कांग्रेसी पदाधिकारीयों ने कहा कि राजस्थान सरकार चोर दरवाजे द्वारा जल निगम बनाकर पीने के पानी की दरों को बढ़ाना चाहती है, जोकि राजस्थान की जनता के साथ सरासर अन्याय होगा।

# विकास संस्थान की बैठक मे आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया

**करौली ( नि.स. )।** जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में रविवार को संस्था एवं विवाह समिति अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें 10 मई अक्षय तृतीया को आयोजित माली समाज के छठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का ब्यौरा संस्था सचिव रामगोपाल माली और कोषाध्यक्ष कल्याण लाल माली के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**■ 10 मई अक्षय तृतीया को आयोजित माली समाज के छठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का ब्यौरा संस्था सचिव रामगोपाल माली और कोषाध्यक्ष कल्याण लाल माली के द्वारा प्रस्तुत किया गया।**

इस दौरान संस्थान विकास, समाज कि वर्तमान स्थिति को लेकर भी चर्चा की गई संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने उपस्थित सभी समाज बंधुओ से कहा कि

करौली महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान की बैठक मे समाज सुधार को लेकर हुई चर्चा।

संस्था के हित में लगातार काम किया जा रहा है आगे भी आप सब के सहयोग से छात्रावास निर्माण,लाइब्रेरी, विद्यार्थियों के लिए मैश और स्टेज का निर्माण किया जाना है विगत एक माह से छात्रावास में सघन वृक्षारोपण का काम समाज बंधुओ के द्वारा किया जा रहा।

उन्होंने समाज के लोगो से कहा कि हर घर से छात्रावास विकास के लिए कुछ ना कुछ अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करें जिससे ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अच्छी सुविधा मिल सकेगी। इस दौरान सभी ने वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल अगले 6 माह तक बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया। इस दौरान संस्थान विकास और समाज की वर्तमान स्थिति को लेकर संस्था उपाध्यक्ष रितेश,पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल, जिला उपाध्यक्ष पन्नूसिंह, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य ओमप्रकाश कुशवाहा, गोपाल लाल माली,धर्मी माली, उप सभापति सुनील सैनी, धारासिंह, रामजीलाल खूबनगर, हरिचरण ठेकेदार, दर्शन ठेकेदार,ा शिवचरण मेंबर आदि के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए सभी ने समाज के प्रत्येक घर से छात्रावास भवन के लिए राशि का एकत्रित करने का निर्णय किया गया संस्थान निमार्ण राशि के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में समाज बंधुओ के द्वारा बैठक आयोजित कर छात्रावास के लिए राशि एकत्रित करने के साथ-साथ महिला शक्ति की बैठक भी आयोजित कर सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए परिवार के रहन-सहन,बच्चों की पढ़ाई लिखाई,कृषि बागवानी आदि को लेकर महिला शक्ति को जागृत करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, पूर्व अध्यक्ष भंवर माली, गिर्राज ठेकेदार, शिवचरण मेंबर , प्रभु ठेकेदार, रामखिलाड़ी, रूपसिंह ड्राइवर, बाबूलाल भगत, पूर्व पार्षद नाहरसिंह आदि सहित समाज बंधु उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद् के 52 वे शिविर में 103 ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**हिंडौन सिटी ।** भारत विकास परिषद शाखा हिंडौन की ओर से 52वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर स्व.श्रीमती रामवती देवी धर्मपत्नी स्व.ठाकुर दिलीप सिंह जादौन रामपुरा वालों के सहयोग से सरकारी अस्पताल करौली (ब्लड बैंक) मे रक्त की कमी एवं गर्भवती महिलाओं हेतु आवश्यक्ता को देखते हुए आयोजित किया गया।

शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल एवं रक्तदान प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक गिरधर सिंह चौहान, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पुष्पेन्द्र गर्ग, भामाशाह सत्यस्वरूप सिंह, शाखा अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता ने भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्जवलन किया। मुख्य अतिथि महोदय ने संबोधित करते हुये कहा कि रक्तदान शिविर लगाना महान कार्य है रक्तदान को समस्त

विश्व में सबसे बड़ा दान माना गया है क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच

**■ रक्तदान शिविर में कुल 111 रजिस्ट्रेशन किये गये। करौली चिकित्सालय टीम प्रभारी टीम द्वारा 30 यूनिट एवं जयपुरिया टीम द्वारा 73 यूनिट रक्त संग्रहण किया।**

**शिविर में 20 युवाओं ने प्रथम वार रक्तदान किया। परिषद् के 12 सदस्यों ने भी रक्तदान किया।**

जाती है तो उस पीड़ित परिवार को कितनी खुशी होगी।

अध्यक्ष ने कहा कि परिषद् द्वारा बहुत सामाजिक कार्य किए जाते है जिसमें रक्तदान एक अनूठा और महान कार्य है रक्तदान के प्रति हिण्डौन में जो क्रांति है उससे हिण्डौन में ब्लड बैंक अति आवश्यक है परिषद् द्वारा लगाए गये कैम्पो में पूर्ण सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है एवं जरुरत पडने पर तुरन्त कार्ड उपलब्ध कराया जाता है।

प्रकल्प प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया रक्तदान शिविर में कुल 111 रजिस्ट्रेशन किये गये। करौली चिकित्सालय टीम प्रभारी टीम द्वारा 30 यूनिट एवं जयपुरिया टीम द्वारा 73 यूनिट रक्त संग्रहण किया। रक्त दाताओं में 6 महिलाओं सहित राहुल गोयल एवं भूरालाल ने सपत्नीक रक्तदान किया शिविर में 20 युवाओं ने प्रथम वार रक्तदान किया। परिषद् के 12 सदस्यों ने भी रक्तदान किया।मंच संचालन देवेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। भामाशाह की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दीनदयाल गुप्ता, अशोक गर्ग, राकेश गुप्ता, पवन ऐरन, सुबोध जैन,योगेश गुप्ता, कमलेश वशिष्ठ,ओमप्रकाश ढिढोरा,पंकज जैन, कैलाश अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता,उमेश शर्मा,हरिचरण एरेन,स्वरूप गुप्ता,सुभाष गुप्ता,नरेश रामपुरा,संजीव गुप्ता,वीरेंद्र जैन, हुकुम सिंह गुर्जर,दौलत धाकड़,रमेश चंद गुप्ता, बजरंग गोयल,अनुराग आर्य,आलोक सोलंकी,योगेश गुप्ता,मुकेश जैन,अनिल गोयल,अनिल गुप्ता, शिंभू गुप्ता,लक्ष्मण गुप्ता,डॉ सुरेश गर्ग,डॉ आशा, रजनी गोयल, सुहानी गर्ग, राधा किशोरी शर्मा,माया गोयल, मोना ऐरन,वन्दना शर्मा,पूजा सिंहल, मोना मित्तल,पूनम जैन,डॉ हेमलता गुप्ता,सरला गोयल,कृष्णा गोयल,मंजू गुप्ता,सीमा गुप्ता,पूजा आर्य,रेखा गुप्ता,श्वेता जैन,वन्दना शर्मा,इंद्रा गुप्ता आदि का सहयोग रहा।